भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4732

दिनांक 29.03.2023 को उत्तर देने के लिए

आंध्र प्रदेश में डीएमएफ

†4732. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:
श्री बालाशौरी वल्लभनेनी;

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आंध्र प्रदेश में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) द्वारा 1500 करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह किया गया है;

(ख) यदि हां, तो प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में अब तक उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अभी बड़ी मात्रा में धन का उपयोग किया जाना बाकी है; और

(घ) यदि हां, तो शेष राशि का उपयोग करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर

खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (घ): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार दिनांक 23 मार्च, 2023 तक राज्य में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के तहत 1,724 करोड़ रुपये एकत्र किये गए हैं। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के तहत विभिन्न कार्यों के लिए कुल 495.05 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं और पीएमकेकेकेवाई के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों के लिए 1228.95 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पीएमकेकेकेवाई के तहत आंध्र प्रदेश में अब तक उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

******

अनुबंध-I

अप्रैल, 2022 तक डीएमएफ/पीएमकेकेकेवाई के कार्यान्वयन का ब्यौरा			
क्र.सं.	**कार्यान्वयनाधीन योजनाओं/परियोजनाओं का ब्यौरा**	**संस्वीकृत परियोजनाओं की संख्या**	**व्यय की गई राशि (करोड़ रुपये में)**
उच्च प्राथमिकता वाले कार्य			
1	पेय जल आपूर्ति	3166	96.26
2	पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण उपाय	8	0
3	स्वास्थ्य देखभाल	147	19.50
4	शिक्षा	3898	45.22
5	महिला एवं बाल कल्याण	1424	15.62
6	वृद्धजन एवं दिव्यांगजन कल्याण	4	0.12
7	कौशल विकास	92	1.70
8	स्वच्छता	437	5.44
उप योग (क)		**9176**	**183.86**
अन्य प्राथमिकता वाले कार्य			
1	वास्तविक अवसंरचना	7612	166.76
2	सिंचाई	89	3.60
3	ऊर्जा और वाटरशेड विकास	20	0.85
4	खनन जिले में पर्यावरण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कोई अन्य उपाय	0	0
5	अन्य	51	5.15
उप योग (ख)		**7772**	**176.37**
कोविड 19 व्यय (ग)		833	134.83
योग (क+ख+ग)		**17781**	**495.05**